देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर : 452 001

क्रमांक : परीक्षा / चिकित्सा / 2016 / 4885 दिनांक : 5 FEB 2016

/ / अधिसूचना / /

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर से संबद्ध विभिन्न संस्थानों में संचालित बी.डी.एस. पाठ्यक्रम द्वितीय वर्ष की परीक्षाये 13.02.2016 से प्रारंभ है। ऐसे छात्र / छात्रा जिन्हे उपस्थिति, आंतरिक मूल्यांकन आदि में बी.डी.एस. द्वितीय वर्ष की परीक्षा में शामिल होने की पात्रता प्राप्त है परंतु उनका बी.डी.एस. प्रथम वर्ष का पुर्नमूल्यांकन / पुनर्अवलोकन परिणाम घोषित नहीं हो सका है उन छात्रों को बी.डी.एस. प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण होने की प्रत्याशा में अभिवचन देने पर प्रावधिक रूप से बी.डी.एस. द्वितीय वर्ष में शामिल कराया जा सकता है। छात्र / छात्राओं को यह अभिवचन **(संलग्न)** देना होगा कि बी.डी.एस. प्रथम वर्ष के पुर्नमूल्यांकन / पुनर्अवलोकन के परिणाम में उत्तीर्ण होने पर ही उनका बी.डी.एस. द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित किया जायेगा एवं बी.डी.एस. प्रथम वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर बी.डी.एस. द्वितीय वर्ष की परीक्षा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

समस्त संबंधित संस्थान ऐसे पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र पृथक से सूची बनाकर प्रस्तुत करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

पृश्ठा. क्रः परीक्षा / चिकित्सा / 2016 / 4885 दिनांक : 5 FEB 2016

प्रतिलिपि :–

- श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक ----------------------------इन्दौर की और भेजकर निवेदन है कि वे इस समाचार को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहित करें।
- समस्त डीन / प्राचार्य, संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
- संकायाध्यक्ष, छात्र–कल्याण,
- उपकुलसचिव (गोपनीय)
- कुलपतिजी के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक, **देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर**
- परीक्षा / गोपनीय विभाग के संबंधित सहायक
- प्रभारी नेट, आई.टी.सेन्टर,
- पूछताछ कक्ष, की और सूचनार्थ अग्रेषित।
- प्रभारी, मुद्रणालय दे.अ.वि.वि., इंदौर
  की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)

E/JITENDRA SHARMA/A 2015/050216

कृ.प.उ.

(अर्हताकारी/पुर्नमूल्यांकन/पुनर्अवलोकन परीक्षा परिणाम घोषित न होने की स्थिति में अनिवार्यरूप से प्रस्तुत किया जावें।)

-5 FEB 2016

//अभिवचन–पत्र//

में ---------------- पिता श्री ---------------- घोषणा करता/करती हूँ कि में **<u>बी.डी.एस. द्वितीय वर्ष की परीक्षा फरवरी माह 2016</u>** में परीक्षार्थी के रूप में महाविद्यालय ------------------------------ से प्रावधिक रूप से सम्मिलित हो रहा/रही हूँ। मेरा पूर्व परीक्षा **<u>बी.डी.एस. प्रथम वर्ष</u>** का पुनर्मुल्यांकन/पुनर्अवलोकन परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है। में यह वचन करता/करती हूँ कि यदि मेरे **<u>बी.डी.एस. प्रथम वर्ष का पुनर्मुल्यांकन/पुनर्अवलोकन</u>** परिणाम पश्चात् मेरा परीक्षा परिणाम अनुत्तीर्ण रहता हैं तो मेरी यह परीक्षा स्वतः निरस्त मानी जाएगी। इस संबंध में मैं कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं करूंगा/करूंगी। तथा इस संबंध में मेरे द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा। मुझे विश्वविद्यालय का निर्णय पूर्णतः मान्य होगा।

हस्ताक्षर --------------

नाम ----------------

पता ----------------

दिनांक --------------

छात्र/छात्रा को पूर्णतः प्रावधिक रूप से उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित करावें। आतंरिक/प्रायोगिक अंक नियमानुसार विश्वविद्यालय को अग्रेषित किये जावेंगे।

अग्रेषणकर्ता के हस्ताक्षर

प्राचार्य/निदेशक

(संस्थान की मुहर अंकित करें)

E/JITENDRA SHARMA/A 2015/8